आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 गुरूवार 20.02.2025

मुख्य समाचारः–

1– त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत आज दूसरे चरण में राज्य के तैंतालीस विकासखंडों में डाले गए वोट।

2– केंद्र सरकार ने आज से विशेष गैर–संक्रामक रोग स्क्रीनिंग अभियान की शुरुआत की।

3– बीजापुर जिले में मुखबिरी के शक में माओवादियों ने की शिक्षादूत और ग्रामीण की हत्या।

4– बस्तर संभाग के एक–दो स्थानों पर कल गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना।

त्रिस्तरीय–पंचायत चुनाव

प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत आज दूसरे चरण में राज्य के तैंतालीस विकासखंडों में वोट डाले गए। मतदान सुबह सात बजे से दोपहर तीन बजे तक हुआ। कुछ मतदान केन्द्रों में मतदाताओं के मतदान केन्द्र के भीतर होने के कारण तीन बजे के बाद भी वोटिंग जारी रही। वहीं, बस्तर संभाग में सुबह छह बजकर पैंतालीस मिनट से दोपहर दो बजे तक वोट डाले गए। राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि आज हुए दूसरे चरण के मतदान के दौरान स्थानीय सरकार चुनने के लिए मतदाताओं में भारी उत्साह देखा गया।

गौरतलब है कि दूसरे चरण में पंच पद के लिए पैंसठ हजार सात सौ सोलह, सरपंच पद के लिए पन्द्रह हजार दो सौ सत्रह, जनपद सदस्य के लिए तीन हजार आठ सौ पचासी और जिला पंचायत सदस्य के लिए छह सौ निन्यानवे प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। आज छब्बीस हजार नौ सौ अठासी पंच, तीन हजार सात सौ चौहत्तर सरपंच, आठ सौ निन्यानवे जनपद सदस्य और एक सौ अड़तीस जिला पंचायत सदस्य पद पर निर्वाचन के लिए मतदान हुआ।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत तीसरे और अंतिम चरण का मतदान तेईस फरवरी को होगा।

रेखा गुप्ता–दिल्ली मुख्यमंत्री

भारतीय जनता पार्टी की विधायक रेखा गुप्ता ने आज दिल्ली के रामलीला मैदान में दिल्ली की मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री के साथ छह कैबिनेट मंत्रियों–प्रवेश साहिब सिंह, आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, रवींद्र इंद्राज सिंह, कपिल मिश्रा और पंकज कुमार सिंह ने भी शपथ ली।

रेखा गुप्ता के दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

गैर–संक्रामक रोग स्क्रीनिंग अभियान

केंद्र सरकार ने आज से एक विशेष गैर–संक्रामक रोग स्क्रीनिंग अभियान की शुरुआत की है। अभियान का उद्देश्य तीस वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी व्यक्तियों की स्क्रीनिंग करना है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य गैर–संक्रामक रोगों जैसे – मधुमेह, उच्च रक्तचाप और तीन सामान्य कैंसर – मुंह, स्तन और गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर के लिए लोगों की स्क्रीनिंग करना है। यह अभियान, आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत मंदिरों और देशभर में

विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों पर, राष्ट्रीय गैर–संचारी रोग रोकथाम और नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत चलाया जाएगा। चालीस दिनों तक चलने वाले इस अभियान के दौरान प्रशिक्षित आशा और फ्रंटलाइन कार्यकर्ता लोगों के घर–घर जाकर स्क्रीनिंग करेंगे। इस अभियान के दौरान पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए स्क्रीनिंग, उपचार और फॉलो–अप का डेटा प्रतिदिन राष्ट्रीय पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा।

राज्य जल मंत्री–सम्मेलन

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने छत्तीसगढ़ में जल संचयन के लिए जनभागीदारी से किए जा रहे प्रयासों की सराहना की है। उन्होंने राजस्थान के उदयपुर में आयोजित राज्य जल मंत्रियों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ जल संरचनाओं के निर्माण में पूरे देश में अग्रणी स्थान पर है और जल संरक्षण के क्षेत्र में राज्य के नवाचार मॉडल अन्य राज्यों के लिए अनुकरणीय हैं। उन्होंने यह भी कहा कि छत्तीसगढ़ में अब तक दो लाख उनतीस हजार से अधिक जल संग्रहण संरचनाओं का निर्माण किया जा चुका है, जिससे जल संसाधनों का संवर्धन हो रहा है।

बस्तर वन आवरण–रिपोर्ट

इंडिया स्टेट ऑफ फॉरेस्ट रिपोर्ट के अनुसार छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग के कई क्षेत्रों में वन आवरण में वृद्धि हुई है। बस्तर, बीजापुर, सुकमा, दंतेवाड़ा में वन के क्षेत्रफल में बढ़ोत्तरी देखी गई है। यह रिपोर्ट फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया ने तैयार की है। छत्तीसगढ़ के प्रधान मुख्य वन संरक्षक और वन बल प्रमुख व्ही. श्रीनिवास राव ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि छत्तीसगढ़ में बीते वर्षों के दौरान लगातार निगरानी के साथ ही प्रभावी मृदा और जल संरक्षण जैसे उपायों के जरिये वनों का संरक्षण करने के प्रयास किए गए हैं।

माओवादी–ग्रामीण हत्या

बीजापुर जिले के बारसूर थाना क्षेत्र स्थित तोड़मा गांव में माओवादियों ने मुखबिरी के शक में एक शिक्षादूत और एक ग्रामीण की हत्या कर दी है। जिले के पुलिस अधीक्षक ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि बीती रात माओवादी, शिक्षादूत बामन कश्यप और ग्रामीण अनीस राम के घर पहुंचे और उन्हें अपने साथ जंगल की ओर ले गए, जहां दोनों की गला घोंटकर हत्या कर दी।

मानवाधिकार आयोग–दुर्ग

राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत नई दिल्ली से पहुंची राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की टीम ने आज दुर्ग–भिलाई के कुष्ठ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान टीम के सदस्यों ने स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक की और जिले में कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम की स्थिति की जानकारी ली। इस अवसर पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के विशेष सदस्य प्रदीप्त नायक ने कहा कि कुष्ठ प्रभावित बच्चों, गर्भवती महिलाओं सहित अन्य वर्ग के प्रभावित लोगों को केंद्र और राज्य सरकार द्वारा निर्धारित योजनाओं का लाभ मुहैया कराया जाए।

ऑपरेशन साइबर शील्ड

रायपुर जिले में म्यूल बैंक अकाउंट के लिए फर्जी सिम कार्ड बेचने वाले तेरह पीओएस एजेंट को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनके पास से जब्त सात हजार से अधिक सिम कार्ड अपराध में संलिप्त पाए गए हैं। वहीं, पांच सौ नब्बे मोबाइल की भी पहचान की गई है। आरोप है कि इनके द्वारा जारी किए गए सिम यूनाइटेड अरब अमीरात, श्रीलंका, नेपाल और म्यांमार में

इस्तेमाल किए जाते थे, जिसके साक्ष्य भी मिले हैं। इस मामले में अब तक अंठानवे आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

<u>नारायणपुर—माता मावली मेला</u>

नारायणपुर जिले के ओरछा में कल से पांच दिवसीय माता मावली मेला शुरू हो गया है। मेले की शुरूआत माता मावली मंदिर में पारंपरिक पूजा—अर्चना और परघाव की परंपरा के साथ हुई। इस दौरान आसपास के गांवों से आए स्थानीय देवी—देवताओं के प्रतीक स्वरूप डंगई, लाठ, डोली और छत्र के साथ जुलूस निकाला गया। मेला स्थल पर पहुंचकर ढाई परिक्रमा की रस्म पूरी की गई, जिसमें श्रद्धालुओं ने पारंपरिक रीति—रिवाजों के साथ देवी—देवताओं की पूजा—अर्चना की। तेईस फरवरी तक चलने वाले इस मेले के दौरान हर दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

<u>अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन</u>

नारायणपुर जिले में दो मार्च को अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन का आयोजन किया जाएगा। इस मैराथन में पांच हजार से अधिक प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। इसके तहत इक्कीस किलोमीटर, दस किलोमीटर और पांच किलोमीटर की श्रेणियों में प्रतिभागी दौड़ लगाएंगे। इस मैराथन का उद्देश्य स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना, शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना और क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता से लोगों को अवगत कराना है।

<u>मौसम</u>

मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कल बस्तर संभाग के एक—दो स्थानों पर गरज—चमक के साथ छींटे पड़ सकते हैं। मौसम विज्ञानी एच.पी. चंद्रा ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि फिलहाल प्रदेश में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है।

<u>संक्षिप्त समाचार</u>

— बलौदाबाजार हिंसा मामले में बीते सत्रह अगस्त से रायपुर जेल में बंद भिलाई विधायक देवेंद्र यादव को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई है। विधायक देवेंद्र यादव छह महीने से अधिक समय तक जेल में रहे।

— भारतीय डाक विभाग द्वारा कल से भिलाई में दो दिवसीय जिला स्तरीय फिलाटेली प्रदर्शनी "ट्विनसिटी पेक्स" का आयोजन किया जाएगा। इस प्रदर्शनी की शुरूआत आम लोगों के लिए सुबह ग्यारह बजे से होगी।

— दुर्ग जिले में निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में प्रधान पाठक, शिक्षक, सहायक शिक्षक और कम्प्यूटर ऑपरेटर को निलंबित कर दिया गया है।

— रायपुर के विधानसभा क्षेत्र में आज तड़के एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर खंभे से टकरा गई। इस हादसे में कार में सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>